Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 07-03-2022 | अंक 161

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## जीवन जीने की कला सिखाता है ब्रह्म विद्या विहंगम योग : कृष्णा गुप्ता

### शकुंतला पैलेस बरही में ब्रह्म विद्या विहंगम योग की ओर से सत्संग गोष्ठी का आयोजन



सत्संग गोष्ठी में शामिल श्रद्धालु

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

ब्रह्म विद्या विहंगम योग परिवार की ओर से बरही हजारीबाग रोड में स्थित शकुंतला पैलेस में सोमवार को ब्रह्म विद्या विहंगम योग सह सत्संग गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ कृष्णा कुमार गुप्ता ने स्वागत एवं मंगलगान कि प्रस्तुति दी। वही सामूहिक रूप से उदघोष के साथ मंत्रोच्चारण किया गया। ज्ञान गुदड़ी, स्वर्वेद एवं कोरोना मंत्र पाठ की प्रस्तुति कृष्णा कुमार गुप्ता के द्वारा की गई। उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से माल्यार्पण एवं ओंकार पाठ किया। सिकंदर सिंह एव कैलाश प्रसाद केशरी ने भजन गायन किया। सत्संग गोष्ठी में महेश प्रसाद ने जीवन मे गुरु की भूमिका एवं जीवन जीने की कला के संबंध में प्रवचन किया। कृष्णा कुमार गुप्ता ने कहा कि माया मोह, लोभ, लालच से परे होकर जीवन को जीना चाहिए। स्वर्वेद एवं ब्रह्म विद्या विहंम योग जीवन जीने की कला सिखाता है। सत्संग में कृष्णा कुमार गुप्ता, चंद्र मोहन मिश्र, नकुलदेव राणा, कैलाश प्रसाद केशरी, राजदेव सिंह, उपेंद्र पांडेय, सिकंदर सिंह, समुंद्री देवी, सावित्री देवी, सत्येंद्र सिंह, रामचंद्र रविदास, सुनीता देवी, शकुंतला देवी एवं रामचंद्र राणा मौजूद थे







# कलश स्थापना के साथ नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का हुआ शुभारम्भ, 15 मार्च को होगा समापन

## पूर्व विधायक मनोज यादव एवं राष्ट्रवादी विचारक पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ ने किया शुभारंभ

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवती मंदिर परिसर में श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, राष्ट्रवादी विचारक पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ, भा. जपा नेत्री साबी देवी, व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष कपिल प्रसाद केशरी, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान, पूजा कमेटी के संरक्षक रमेश ठाकुर, किशुन यादव, सुरेंद्र रजक, विपिन सिन्हा एव बबलू ठाकुर ने संयुक्त रूप से मुख्य यजमान को कलश देकर किया। भगवती मंदिर परिसर से कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ निकलते हुए सूर्यमन्दिर घाट पहुंचा और नदी में विधि विधान के साथ सभी श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरा। फिर वहां से कलश उठाकर नगर भ्रमण करते हुए पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंचे। मुख्य यज्ञाचार्य जयनंदन मिश्रा एवं उनके सहयोगियों ने पूरे विधि विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ कलश स्थापित की। पूरे कार्यक्रम में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव एवं पूजा कमेटी के लोग शामिल रहे। मुख्य यजमान के तौर पर अशोक स्वर्णकार एवं बीरू विश्वकर्मा सपत्नी पूजा अर्चना किए। यज्ञ को सफल बनाने में मुख्य रूप से संरक्षक रमेश ठाकुर, अध्यक्ष विपिन सिन्हा, ब्रजेश ठाकुर, रितेश गुप्ता ,मनोज उपाध्याय, बच्चा श्रीवास्तव, नवल किशोर सिंह, ननकी निषाद, सुरेंद्र रजक, संजय यादव, रवि कुमार, कामेश्वर पांडेय, नागेश्वर ठाकुर, अवधेश सिंह, किशोर ठाकुर, अमित कुमार, राजकुमार यादव, राजकुमार केशरी, रितेश गुप्ता, संदीप निषाद, गुरुदेव गुप्ता, नंदकिशोर कुमार, पिंटू यादव, कैलाश ठाकुर, सोनू पंडित, बिकास कुमार, सुषमा विश्वकर्मा, भूपेंद्र यादव आदि सहयोग कर रहे हैं।



कलश यात्रा का शुभारंभ करते पूर्व विधायक मनोज यादव एवं अन्य



क्लश यात्रा में शामिल पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव



क्लश यात्रा में शामिल श्रद्धालु

# शिक्षकों के लिए भाषा व गणित के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ किया गया

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**

प्रारम्भिक विद्यालयों के शिक्षकों का एफएलएन कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों में भाषा व गणित विषयों के प्रारंभिक जानकारी देने के लिए प्रखण्ड संसाधन केंद्र बरकट्ठा में गैर आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्घाटन प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अशोक कुमार पाल व अजपता प्रखण्ड सचिव शिक्षक रामकिसुन महतो, साधन राजेंद्र प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया अपने सम्बोधन में प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अशोक कुमार पाल ने कहा विद्यार्थियों में गणित व भाषा की प्रारंभिक जानकारी उपल. ब्ध हो जिससे उनका बेस मजबूत हो इस निमित्त प्रखण्ड के प्रत्येक विद्यालयों के बारी बारी से दो दो शिक्षकों को 40-40 शिक्षकों के बैच को गैर आवासीय प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है मौके पर प्रखण्ड के शिक्षक संतोष कुमार, मुकेश कुमार, मो आशिफ, लीलाधारी प्रसाद, सुकर ठाकुर, चम्पा देवी समेत बड़ी संख्या में शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित थे






दिनांकः 07-03-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

पेज संः 02


## रूपेश हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रति गंभीर नही है पुलिस प्रशासन : पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ

### राष्ट्रवादी विचारक पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ रूपेश के परिजनो से मिलने नई टांड पहुंचे, घटना की ली जानकारी



रूपेश की मां से घटना की जानकारी लेते पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ट

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



राष्ट्रवादी विचारक एवं प्रचारक पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ सोमवार को दिवंगत रूपेश पांडेय के परिजनों से मिलने नई टांड पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के साथ पहुंचे। इसके पहले बरही चौक पर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओ ने दोनों को गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। नई टांड पहुंचने के बाद सबसे पहले उन्होंने दिवंगत रूपेश के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। उसके बाद दिवंगत रूपेश पांडेय के माता एवं पिता से घटना की जानकारी ली। दोनो ने श्री पुष्पेंद्र को घटना के सम्बंध में जानकारी देते हुए पुलिस प्रशासन पर उदासीनता एवं बेवजह परेशान करने का आरोप लगाया। परिजनों ने बताया कि 6 फरवरी को एक समुदाय के लोगों ने उनके पुत्र की हत्या कर दी। 27 लोगों के खिलाफ केश दर्ज किया गया। लेकिन केवल 5 आरोपियों का ही गिरफ्तारी की गई है। शेष खुलेआम घूम रहे हैं। उन्होंने गवाहों को प्रभावित करने का आरोप लगाया। पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि एक माँ से उनका बेटा छीन लिया जाता है और पुलिस कोई कार्रवाई नही कर रही है। ऐसे में बहुसंख्यक जनता को आंदोलन का ही एक मात्र रास्ता नजर आ रहा है। बहुसंख्यक झारखण्ड की जनता को सुरक्षा देने में झारखण्ड सरकार असफल रही है। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि पुलिस 107 का नोटिस देकर जनता को डराने का प्रयास कर रही है। लेकिन हम सब को डरना नही है लड़ना है। मौके पर शोभा यादव, कृष्णा यादव, गुरुदेव गुप्ता, भूपेंद्र यादव, नंदकिशोर कुमार, किशुन यादव, कैलाश ठाकुर, इंद्रदेव गुप्ता, सिकन्दर पांडेय, अनिल पांडेय , संजय यादव, पिंटू यादवविश्व हिन्दू परिषद बरकट्ठा प्रखंड कमिटी के अध्यक्ष –संजय यादव जी,मंत्री –सत्यम भारती,गौरक्षा प्रमुख –विक्की चंद्रवंशी,धर्म प्रचार प्रमुख –धीरज गुप्ता,सदस्य भुनेश्वर यादव,राजकुमार मंडल,अजय मंडल सहित कई लोग मौजूद थे।




## 10 मार्च को मनाया जाएगा कृमि मुक्ति दिवस, एक वर्ष से 19 वर्ष के बच्चों को खिलाया जाएगा कृमि नासक दवा

### बरही अनुमंडलीय अस्पताल में हुई मासिक समीक्षा बैठक, कृमि मुक्ति दिवस पर हुई चर्चा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



समीक्षा बैठक में शामिल स्वस्थ्यकमह्र व चिकित्सक

बरही अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मियों के साथ डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने समीक्षा बैठक कर स्वास्थ्य कार्यक्रम की उपलब्धि की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाए जा रहे जन कल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। आगामी 10 मार्च को कृमि दिवस पर चलाये जाने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी। उपस्थित सहिया एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को कृमि से होने वाले स्वास्थ्य नुकसान की जानकारी दी। डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी ने कहा कि बच्चो में कृमि हो जाने से उनमे कई तरह की बीमारियां हो जाती है। बच्चे एनीमिया एवं कुपोषण जैसे खतरनाक बीमारी से ग्रसित हो जाते है। जिससे बच्चों का शारी. रिक एवं मानसिक विकास सही से नहीं हो पाता है। इन्ही सब बीमारियों से लड़ने के लिए प्रत्येक वर्ष 10 मार्च को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है जिसमे सभी बच्चो को कृमि से बचने के लिए दवा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि अगर कोई बच्चा 10 मार्च को दवा नही मिल पाता है तो पुनः 14 मार्च को वैसे बच्चो को खिलाया जाएगा । अगर 14 मार्च को भी बच्चे को दवा नही मिल पाता है तो वैसे बच्चे अपने गांव के आंगनबाड़ी में जाकर दवा ले सकते है। मौके पर डॉ एजाज़ , बीपीएम नारायण राम, आशा कुमारी एएनएम, सुनीता कुमारी, कुमारी सावित्री, विभा कुमारी एएनएम, कल्पना कुमारी, प्रेमलता सिन्हा, मेनका कुमारी, हीरा कुजूर, कुमारी संजू, शाहजहां बेगम, निशी कुमारी, मंजू देवी, उत्तम कुमार रजक, महेश साव, रीमा कुमारी, रेखा देवी, कुमारी दीपा, द्रौपदी कुमारी, आरती देवी, पूर्णिमा गुरुंग, सरला गोस्वामी, संतोष कुमार, मृत्युंजय चौरसिया, नीरज टोप्पो, सुमित्रा कुमारी, इंदु सिंह एवं ज्योति कुमारी मौजूद थे।

## करसो भगवती मंदिर में क्लश स्थापना के साथ नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का हुआ शुभारम्भ, 15 मार्च को होगा समापन



यज्ञ में शामिल पुर्व विधायक मनोज कुमार यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



करसो भगवती मंदिर परिसर में श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, बरही विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि विनोद कुमार यादव यादव, भुनेश्वर यादव एवं यमुना यादव ने संयुक्त रूप से मुख्य यजमान को कलश देकर किया। मंदिर परिसर से कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ निकलते हुए करसो नदी घाट पहुंचा और नदी में विधि विधान के साथ सभी श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरा। फिर वहां से कलश उठाकर नगर भ्रमण करते हुए पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंचे। मुख्य यज्ञाचार्य नरेश शरण शास्त्री एवं उनके सहयोगियों ने पूरे विधि विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ कलश स्थापित की। मुख्य यजमान के तौर पर सरजू भगत, शंकर सिंह खुबलाल यादव सपत्नी पूजा अर्चना किया । यज्ञ को सफल बनाने में मुख्य रूप से यमुना यादव, उप मुखिया प्रतिनिधि ज्योतिष यादव, प्रकाश सिंह, योगेंद्र यादव, अनिल ठाकुर, संदीप सिंह, दीपू सिंह, प्रभात सिंह, महेंद्र सिंह, प्रमोद यादव, मिथिलेश सिंह, रूपलाल यादव, सरजू गोप, राजदेव गोप, बीरेंद्र राणा, प्रभु भुइयां, विकास यादव, नरेश राणा, गोपाल राणा, रोहित यादव, सुरेंद्र सिंह, ननकु सिंह, प्रदीप सिंह एवं समस्त ग्रामवासियों का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर












दिनांक: 07-03-2022

सच का साथी

अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर


# अम्बेदकर कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों ने किया स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय का एक्सपोजर विजिट


## पुस्तकालय के अध्यक्ष एवं सचिव ने दी पुस्तकालय की जानकारी, पुस्तकालय के महत्व से हुए अवगत



पुस्तकालय की जानकारी लेते अंबेदकर कोचिंग के छात्र एवं छात्राएं

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

धनबाद रोड एन एच गेस्ट हाउस के सामने संचालित अम्बेडकर कोचिंग सेंटर के 70 विद्यार्थियों ने सोमवार को स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय का एक्सपोजर विजिट किया। अपने शिक्षको के साथ पहुंचे विद्यार्थियों ने पुस्तकालय में मौजूद पुस्तको का अवलोकन कर पुस्तकालय के महत्व से अवगत हुए। सभी बच्चों ने अपनी रुचि के अनुसार पुस्तक लेकर पुस्तकालय में ही पढ़ा और ज्ञान अर्जन किया। मौके पर पुस्तकालय के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो डॉ संजय वर्णवाल एवं सचिव कृष्णा प्रजापति ने पुस्तकालय के महत्व एवं पुस्तकालय की व्यवस्था की जानकारी दी। बताया कि पुस्तकालय में सभी तरह की पुस्तकें उपलब्ध है। पुस्तकालय नियमित खोला जाता है। इच्छुक विद्यार्थी इस पुस्तकालय में आकर पढ़ सकते हैं। बताया गया कि पुस्तकालय 11 बजे से 1 बजे तक एवम 3 से 6 बजे शाम तक खुलता है। मौके पर मौजूद अम्बेडकर कोचिंग सेंटर के शिक्षक संजय दूबे, डॉ संजय वर्णवाल, मनोज घोष, मिथलेश सिंह, आलोक वर्णवाल ने बारी बारी से जीवन मे पुस्तकालय के महत्व से अवगत कराया। बच्चे पुस्तकालय से संबंधी जानकारी पाकर संतुष्ट नजर आए। एक्सपोजर विजिट में अंशु कुमारी, रानी कुमारी,संजय दूबे, डॉ संजय वर्णवाल, मनोज घोष, मिथलेश सिंह, आलोक वर्णवाल कल्पना कुमारी, पायल कुमारी, बिद्या कुमारी, अंजली कुमारी, अनामिका कुमारी,रूपा कुमारी,कपिल कुमार, कपिल यादव, अभिषेक सिंह,रेहान अंसारी, संचित कुमार यादव, आशीष कुमार, रौशन पासवान, सहित 70 विद्यार्थी शामिल थे।













डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित एडिटरः सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## पौधों में रक्षा सूत्र बाँध डीएसपी व मॉडल स्कूल के बच्चों ने लिया संरक्षण का संकल्प

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**


पौधों से जुड़ी है मां की यादे, बडा होने तक जारी रहेगा देख भाल : डीएसपी

बच्छई निवासी सह सिमरिया डीएसपी अशोक कुमार प्रियदर्शी ने मॉडल स्कूल के बच्चो संग स्कूल परिसर में लगे पौधों में रक्षा सूत्र बांध संरक्षण का संकल्प लिया। मालूम हो कि डीएसपी ने अपने मृतक माता के स्मृति में म०डल चौपारण व बेसिक स्कूल परिसर में सैकड़ो पौधारोपण किया था। रक्षा सूत्र हरियाली दूत दिनेश कुमार के अगुवाई में बाँधा गया। डीएसपी अशोक ने बताया कि पौधों के साथ मेरी मृतक माता की यादें जुड़ी है। जब तक सभी पौधे बड़ा नही हो जाता तब तक इसकी सम्पूर्ण देखभाल की जिम्मेवारी हमारी है। इस दौरान डीएसपी ने म०डल स्कूल के शिक्षको व बच्चों को पौधा संरक्षण की जवाब. देही सौंपा। बच्चो ने भी पौधों का नियमित रखरखाव करने का संकल्प लिया। हरियाली दूत दिनेश साव ने डीएसपी अशोक प्रियादर्शी के इस सोच की सराहना किया और सबके अपने जीवन मे अधिक से अधिक पौधा लगाने का आग्रग किया। इस दौरान शिक्षक राजकुमार सिंह, समाजसेवी सह डीएसपी के बड़े भाई बासुदेव रविदास, समाजसेवी सुखदेव यादव, अभय कुमार, मनोज कुमार, कांग्रेस प्रखण्ड उपाध्यक्ष संतोष रजक सहित अन्य।

## गिरिडीह उत्पाद विभाग डिपो बरमसिया सुविधा विहीन

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह उत्पाद विभाग कार्यालय कचहरी परिसर में संचालित है और डिपो बरमसिया में है। उत्पाद डिपो में ना ही बाउंड्री व०ल है और न ही पानी की सु. विधा। डिपो में जिला बल और गृह रक्षा वाहिनी जवान ड्यूटी देते हैं और अधिक. ारियों के निर्देशानुसार जिले भर में अवैध शराब बिक्री और निर्माण कार्य पर अंकुश लगाने के लिए छापेमारी अभियान चलाते हैं। अक्सर डिपो में कार्यरत जवानों को दूर से पानी ला कर उपयोग करते हुए देखा जाता है। डिपो जो कि बिल. कुल नगर निगम के नजदीक में संचालित है के बावजूद पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित ना होना कई सवाल खड़े करती है। डिपो में बाउंड्री व०ल नही होनी के कारण आवारा कुत्तों का जमवाड़ा लगा रहता है और कई अन्य जानवर घुस जाते हैं। अवैध शराब निर्माण और बिक्री करने वाले लोगों को गिरफ्तार कर जिस हाजत में रखा जाता है वह भवन भी जर्जर अवस्था में है। डिपो के पास जो नाली है वो भी जर्जर हालत में है। बरमसिया में स्थित उत्पाद विभाग के डिपो में तैनात जवान जिस मुस्तैदी से अपना ड्यूटी करते हैं उसके मुताबिक सुविधा उपलब्ध कराने की जिम्मेवारी जिला प्रशासन और गिरिडीह उत्पाद विभाग को है।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए शिक्षको को दिया जा रहा प्रशिक्षण, शिविर का शुभारंभ

### शिक्षक अच्छे से प्रशिक्षित होकर इसका लाभ बच्चों तक पहुंचाए : प्रमुख

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**





मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान का प्रखंड स्तरीय चार दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ मध्य विद्यालय चौपारण में किया गया द्य प्रमुख नीलम कुमारी, बीईईओ रीना कुमारी, प्रशिक्षक जनार्दन प्रसाद वर्मा, उमेश कुमार सिंह अनुज कुमार वैद्य, मो0 समदानी एवं राकेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया द्य शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्रमुख ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के बाद बच्चों को अच्छे ढंग से शिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण का आयोजन विभाग द्वारा किया गया है द्य सभी शिक्षक अच्छे से प्रशिक्षित होकर इसका लाभ बच्चों तक पहुंचाएं द्य बीईईओ रीना कुमारी ने कहा नई शिक्षा नीति में कई तरह के बदलाव किए गए हैं, आवश्यक है कि बच्चों के संख्याज्ञान एवं साक्षरता में सुधार हो। राज्य से प्रशिक्षण लेकर आये शिक्षकों को प्रशिक्षक बनाया गया है। प्रशिक्षक श्री वर्मा ने बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 को लागू करने के क्रम में निपुण भारत मिशन चलाया जा रहा है द्य इसके तहत वर्ग 3 तक के बच्चों में मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान में निपुणता लाया जाना है द्य इसी के तहत शिक्षकों को चार दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है द्य प्रशिक्षण के दौरान नई तकनीकों एवं शिक्षण विधियों जिसके तहत विभिन्न प्रकार की गति. विधियों,टी एल एम का उपयोग आदि की जानकारी दी जाएगी द्य बच्चों को खेल–खेल में गतिविधि आधारित शिक्षण आनंददायी रूप से देकर उनका अक्षर एवं अंक ज्ञान सुदृढ़ किया जाना है द्य शुभारंभ सत्र को बीआरपी मो0 सईद , मो0 आरिफ ने भी संबो. धित कियाद्य 40– 40 के समूह में 2 बैच में शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## वन बचाने को लेकर महिलाओं ने चलाया जागरूकता अभियान

**अपेम लाइव : बिष्णुगढ**
**मिथलेश वर्मन**



चानो में वन बचाने को लेकर जागरुकता अभियान में शामिल महिलाएं

चानो पंचायत में सोमवार को जंगल बचाने को लेकर वन समिति चानो के तत्वाधान में वन बचाओ जागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान में खासकर महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। जागरुकता अभियान में नागी, बंदखारो, उच्चाघाना, मंगरो तथा चानो गांव के विभिन्न टोलों में चलाया गया। जिसमें जंगल की अवैध कटाई नहीं करने, किसी के खेत से गोबर गो. इठा नहीं चुनने तथा जंगल में आग नहीं लगाने समेत जंगल बचाने से संबंधित नारे लगाकर लोगों को जागरुक किया गया। जुलूस के पश्चात स्थानीय फुटब०ल मैदान में बैठक की गई। बैठक में पूर्व मुखिया डुमरचंद महतो ने कहा कि जंगल की रक्षा करना, जीवन की रक्षा करने की बराबर है। हमें जंगल से कई प्रकार के रोगों की दवा मिलती है। जंगल रहने से वायुमंडल साफ रहता है। समय पर बारिश होती है। उसने सभी से मिलकर जंगल की रक्षा करने की बात कही। होली पर्व के बाद धूमधाम से वन रक्षाबंधन करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता वन समिति अध्यक्ष महावीर महतो व संचालन रूपलाल महतो ने किया। बैठक में उपमुखिया परमेश्वर महतो, टीपूलाल महतो एवं नीलकंठ महतो ने जंगल से संबंधित बातों को विस्तार से रखा। मौके पर रामप्रकाश महतो, गंगाधर महतो, दीपक भारती, छट्टू रविदास, गीता देवी, प्रमिला देवी, गिरजा महतो, विशुन महतो, वकील महतो, मानिकचंद महतो, प्रसादी महतो, प्यारी महतो, कौशल्या देवी, प्रवीणा देवी, प्रमिला देवी, शांति देवी, सुगनी देवी, सुरती देवी, चंचला देवी, कंचन देवी, भुवनेश्वर महतो, तिलक महतो, सरिता देवी, रोशनी देवी, सविता देवी, दुर्गा देवी, नैना देवी समेत कई ग्रामीण शामिल थे।

## आपसी बंटवारा के आधार पर नामांतरण शिविर का आयोजन

**अपेम लाइव : बिष्णुगढ**
**मिथलेश वर्मन**



विष्णुगढ़ के चानो में नामांतरण शिविर में शामिल पदाधिकारी एवं ग्रामीण

प्रखंड के चानो पंचायत भवन में सोमवार को भूमि नामांतरण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें अंचल निरीक्षक सतीश सिन्हा, हल्का कर्मचारी अवधेश कुमार चौधरी तथा चानो पंचायत पार्वती देवी आदि शामिल हुए। मुखिया ने पंचायत के लोगों को अपने पैतृक भूमि का अपने नाम पर नामांतरण करने के लिए जागरूक किया। मौके पर अंचल निरीक्षक सतीश कुमार सिन्हा ने कहा कि खतियान के आधार पर वंशज अगर अपने नाम से मालगुजारी रसीद कटवाने चाहते हैं तो अंचल कार्यालय से संपर्क कर कटवा सकते हैं। पूर्वजों के नाम से खतियान होने पर उन्हें हजारीबाग रजिस्टर अ०फिस में रजिस्ट्री करवाना होगा। जहां मात्र 100 रुपया का खर्च आएगा। लेकिन जिनका सिर्फ नाम बदलना है, वह अंचल कार्यालय से ही हो जायेगा। मौके पर पंचायत समिति सदस्य यूसुफ अंसारी, चंद्रनाथ महतो, द्वारिका राम, वार्ड सद्स्य जगरनाथ महतो, टीपूलाल महतो, नीलकंठ महतो, तुलो महतो, सुजीत महतो, कल्लू सोरेन, महादेव मुर्मू समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## रांची जाने से पूर्व आजसू कार्यकर्ताओं की हुई गिरफ्तारी

**अपेम लाइव : बिष्णुगढ**
**मिथलेश वर्मन**


विष्णुगढ़ थाना में गिरफ्तार कर रखे गए आजसू कार्यकर्ता

आजसू पार्टी द्वारा 7 मार्च को आहूत झारखंड विधानसभा घेराव कार्यक्रम के लिए रांची जाने से पूर्व कई अगुवा कार्यकर्ताओं को विष्णुगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सोमवार की मध्यरात्रि करीब एक बजे सभी को गिरफ्तार कर थाना ले जाया गया। गिरफ्तार कार्यकर्ताओं में जिला सचिव रंजीत गुप्ता, महादेव देहाती, हरिश पटेल, बाबू खान तथा दीपू अकेला शामिल हैं। लगभग 12 घंटे के बाद सोमवार को करीब एक बजे निजी मुचलके पर कार्यकर्ताओं को रिहा कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, आजसू प्रखंड कमेटी द्वारा सोमवार को प्रखंड से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं द्वारा विधानसभा घेराव कार्यक्रम के लिए जाने की तैयारी की गई थी। इसके लिए प्रखंड से सात बसों को रिजर्व किया गया था। आजसू के मांडू विस प्रभारी तिवारी महतो भी एक दिन पूर्व आकर आहूत कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की थी। इसी बीच रांची जाने से पूर्व सोमवार की आधी रात में पांचों कार्यकर्ताओं को उनके घर से सोते हुए उठाकर गिरफ्तार कर थाना ले जाया गया। प्रखंड अध्यक्ष समेत अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की भी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने दबिश दी थी। गिरफ्तार कार्यकर्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री के इशारे पर प्रशासन कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर रही है। इससे आजसू पार्टी के कार्यकर्ता घबराने वाले नहीं हैं। कार्यकर्ताओं का हा. सला और बुलंद होगा। पुलिस की इस कार्रवाई के बावजूद सोमवार को सात अलग-अलग बसों पर सवार होकर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता रांची के लिए रवाना हुए।

## झारखंड में पहला रोग मुक्त भारत अभियान हुआ सम्पन्न

### सैकड़ो लोगो ने शामिल होकर उठाया लाभ

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**




रविवार को हजारीबाग के न्यू एरिया स्थित भामाशाह स्कूल में आयुष मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आई एन ओ एवं सूर्या फाउंडेशन के सौजन्य से आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में रोग मुक्त भारत अभियान के तहत झारखंड के हजारीबाग जिले में पहला रोग मुक्त भारत अभियान सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन प्राकृतिक चिकित्सक, राज्य सहसंयोजक डॉ राखी सिन्हा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विनोवा भावे विश्वविद्यालय के योग निदेशक डॉ अरुण भंडारी ,झारखंड प्रभार डॉ पंकज कुमार ,सहसंयोजक मन. मोहन सहाय, वार्ड पार्षद राजेश सिन्हा ने दीप प्रज्व. लित करके किया। काफी संख्या में आकर इस कार्यक्रम का लाभ उठाया। डॉ पंकज कुमार (पटना) ने प्राकृतिक चिकित्सा से जुड़ी जानकारी ,उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को इस ओर आना चाहिए। कार्यक्रम में योग और प्राकृतिक चिकित्सा की अ लोगों को जागरूक किया गया जिसमें डॉ अरबिंद कुमार , ज्ञानोदय कुमार , भैया मुरारी सिन्हा , रविन्द्र कुमार , प्रमोद कुमार सिन्हा, अभिषेक सिंह की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम में काढ़ा और अंकुरित अनाज नास्ते के रूप में दिया गया जिसमें आयुष राज, अनुराग राज और अनुभव कुमार सिन्हा ने की अहम भूमिका रही।




## सेकड़ो एकड़ में लगे अफीम की खेती को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार के नेतृत्व में किया गया युद्ध स्तर पर नष्ट!

### इस दौरान पुलिस ने समुदायिक पुलिस के तहत गांव में जागरूकता फैलाते हुए लोगों के बीच वस्त्र भी वितरण किए!

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**




पुलिस कप्तान राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस प्रशासन एव वन विभाग के सहयोग से राजपुर थाना क्षेत्र में जोरदार अभियान चलाया गया, जिसमे बेंगोकला पंचायत के ग्रांम बनियाबांध, पंचफेरी, धवैया, बघमरी, एवं पथेल इत्यादि गाँव मे रैयती /गैरमजुरुआ/ वन भूमि को अतिक्रमित कर बड़े पैमाने पर पोस्ता अफीम की खेती नष्ट किया गया है। इस संदर्भ में संयुक्त जिला आदेश ज्ञापांक 226/ गो0 दिनांक 02.03.22 के आलोक में श्री अविनाश कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चतरा, हुलास महतो अंचल अधिकारी कान्हाचट्टी एवं सुरज भुषण कुमार वन क्षेत्र पदधिकारी राजपुर एक टीम गठित किया गया। उक्त टीम के द्वारा उपरोक्त गाँव में लगे अफीम की पौधा लगे करीब 340 एकड को ट्रैक्टर, जे0सी0बी0 मशीन एवं ग्रास कटर के सहयोग से दिनांक 02.03.22 से दिनांक 06.03.22 तक विनष्ट किया गया है। विनष्टीकरण में शामिल सदस्य अनुमंड पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार , हुलास महतो अंचल अधिकारी कान्हाचट्टी सुरज भुषण कुमार वन क्षेत्र पद. धिकारी राजपुर थाना प्रभारी राजपुर थाना पु0अ0नि0 विकास पासवान, स0अ0नि0 वि. रेन्द्र ठाकुर, स0अ0नि0 हरिनाथ उरांव मो0 शौकत सरवर (बी0सी0ओ0) कान्हाचट्टी, निरंजन सिंह प्रखण्ड कार्याक्रम पदाधिकारी मन. रेगा कान्हाचट्टी प्रकाश कुमार कनीय अभियंता 15 वे वित्त, कान्हाचट्टी ललन कुमार वनरक्षी प्. मो0 शामीम वनरक्षी रीतेश विश्वकर्मा वनरक्षी राजपुर वन क्षेत्र सैट- 81 एवं थाना रिजर्व गार्ड / सहायक पुलिस शामिल थे

